
# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026


# टॉप ब्रोकरेज हाउस ने सराहा तो रिलायंस के शेयरों मे दिखी तेजी, इतना सेट किया गया टारगेट प्राइस।


Publisher


Published on 09 Jun 2025


## जेपी मॉर्गन, बर्नस्टीन और जेफरीज ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों पर दी मजबूत रेटिंग, रिटेल और टेलीकॉम सेगमेटं मे ग्रोथ को बताया बड़ा कारक।

**मुंबई**: दुनिया के कई बड़े **ब्रोकरेज हाउस** को **रिलायंस इंडस्ट्रीज** के शेयरों पर भरोसा है। उन्हें उम्मीद है कि कंपनी के **रिटेल** और **टेलीकॉम** सेगमेंट के दम पर आने वाले 12 महीनों में इसके शेयरों में तेजी देखने को मिल सकती है।

**मुकेश अंबानी** के नेतृत्व वाली **रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड** (RIL) के शेयर सोमवार को बढ़त के साथ कारोबार कर रहे हैं।

**ब्रोकरेज हाउसेज ने दी पॉजिटिव रेटिंग**
हाल ही में **जेपी मॉर्गन** ने RIL के शेयर को '**ओवरवेट**' रेटिंग दी है। वहीं, बर्नस्टीन ने '**आउटपरफॉर्म**' और जेफरीज ने '**Buy**' रेटिंग दी है। इन ब्रोकरेज फर्म्स का मानना है कि कंपनी के कंज्यूमर बिजनेस में ग्रोथ की मजबूत संभावनाएं बनी हुई हैं।

इसके चलते अगले 12 महीनों में रिलायंस के शेयरों में दोहरे अंकों की वृद्धि की उम्मीद जताई जा रही है।

**क्या है नया टारगेट प्राइस ?**
**जेपी मॉर्गन** ने RIL के शेयर का टारगेट प्राइस **1,530 रुपये से बढ़ाकर 1,568 रुपये** प्रति शेयर कर दिया है।
यह मौजूदा स्तर से लगभग **9%** की संभावित बढ़त को दर्शाता है।

**जेपी मॉर्गन** का मानना है कि अगले दो साल में कंपनी के वित्तीय नतीजे पिछले वर्षों की तुलना में और बेहतर हो सकते हैं।

ब्रोकरेज के अनुसार, कंज्यूमर बिजनेस ग्रोथ से '**बॉटम लाइन**' में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकता है, जिससे कंपनी का परफॉर्मेंस मजबूत होगा।

### रिलायंस के शेयरों मे दिखी तेजी

आज सुबह लगभग 10 बजे के करीब **रिलायंस इंडस्ट्रीज** के शेयर **0.41%** की मामूली बढ़त के साथ **₹1,449.40** पर कारोबार कर रहे थे।
ब्रोकरेज हाउसेज की पॉजिटिव रिपोर्ट्स से बाजार में रिलायंस के प्रति निवेशकों की धारणा और मजबूत हुई है।

### रिटेल और टेलीकॉम सेगमेटं बना प्रमुख ग्रोथ इंजन

विशेषज्ञों के अनुसार, **RIL** के **रिटेल** और **टेलीकॉम बिजनेस** आने वाले वर्षों में सबसे बड़ा ग्रोथ ड्राइवर बने रहेंगे।
**जियो** और **रिलायंस रिटेल** की बढ़ती पकड़ और बाजार विस्तार से कंपनी की आर्थिक स्थिति और बेहतर होने की संभावना है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.